# Junior Engineer Civil Mechanical and Electrical Examination 2023 Paper I

| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/10/2023 |
| Exam Time | 5:00 PM - 7:00 PM |
| Subject | Junior Engineer 2023 Electrical Paper I |

## Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** सारा अपने घर से प्रस्थान करती है, और पूर्व की ओर 20 m चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, और 35 m चलती है। अब वह फिर से बाएं मुड़ती है, और 27 m चलती है, और रुक जाती है। वह उस खंभे से कितनी दूर है, जो उसके घर से ठीक 35 m उत्तर में है? (यह मानते हुए कि सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 47 m
✗ 2. 12 m
✗ 3. 10 m
✓ 4. 7 m

---

**Q.2** उस विकल्प का चयन करें, जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



Ans

✗ 1.


✗ 2.


✓ 3.


✗ 4.


---

**Q.3** एक ही पासे की तीन अलग-अलग स्थितियों को दर्शाया गया है। '6' दर्शाने वाले फलक के विपरीत वाले फलक पर कौन सी संख्या होगी?



(i) (ii) (iii)

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 4
✓ 3. 1
✗ 4. 2

Q.4 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिन्हें क्रमिक रूप से नीचे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में रखे जाने पर वे शृंखला को पूर्ण करेंगे।

R_JK_H_QJ_I_R_JK_H_QJ_IH

Ans
1. QJRKQHIRK
2. QJRKHQRIK
3. QIRKHQIRK ✔
4. QJKRHQIRK

---

Q.5 उस सही विकल्प का चयन करें, जो निम्नलिखित शब्दों के तार्किक और सार्थक क्रम में व्यवस्थापन को इंगित करता है।
1 कोकून
2 अंडा
3 तितली
4 इल्ली

Ans
1. 2, 4, 3, 1
2. 2, 3, 1, 4
3. 2, 1, 3, 4
4. 2, 4, 1, 3 ✔

---

Q.6 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सके।
1, 6, 13, 26, 51, 96, ?

Ans
1. 180
2. 171 ✔
3. 118
4. 108

---

Q.7 नीचे दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय करें कि कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:
कुछ डॉक्टर, वैज्ञानिक हैं।
कुछ वैज्ञानिक, इंजीनियर हैं।

निष्कर्ष:
I. सभी इंजीनियर, डॉक्टर हैं।
II. कुछ डॉक्टर, इंजीनियर हैं।

Ans
1. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं
2. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है ✔
3. केवल निष्कर्ष I पालन करता है
4. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

---

Q.8 एक निश्चित कूट भाषा में, "XPCF" को "WOBE" लिखा जाता है, और "LRVA" को "KQUZ" लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में "BMWG" को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
1. ANWG
2. BMWH
3. ALVF ✔
4. AMVH

---

Q.9 G, F का भाई है। F, B की पुत्री है। D, A का पुत्र है, और C का भाई है। B, C का भाई है। B का A से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्र ✔
2. माता
3. दादी
4. पिता

---

Q.10 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या / व्यंजनों / स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)

कायर (Timid) : बहादुर (Bold) :: क्रोधी (Aggressive) : ?

Ans
1. निष्पक्ष (Indifferent)
2. उग्र (Violent)
3. विनम्र (Docile) ✔
4. साहसी (Brave)

Q.11 उस विकल्प का चयन करें जिसमें दी गई आकृति अंतर्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



Ans

✔ 1.



✘ 2.



✘ 3.



✘ 4.



Q.12 यदि A का अर्थ '+' हो, B का अर्थ '×' हो, C का अर्थ '-' हो और D का अर्थ '÷' हो, तो निम्नलिखित समीकरण का मान कितना होगा?
22 B 13 C 120 D 30 A 42 = ?

Ans

✘ 1. 352

✔ 2. 324

✘ 3. 325

✘ 4. 342

Q.13 उस विकल्प का चयन करें, जो उन अक्षरों को निरूपित करता है, जिन्हें नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएं से दाएं रखे जाने पर दी गई अक्षर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।
Z _ _ O _ _ M Y _ A Z _ Y O A

Ans

✘ 1. AOZMYM

✘ 2. YOMZAO

✘ 3. ZAMOMY

✔ 4. MYAZOM

**Q.14** कागज के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम और मोड़े गए कागज को काटने का ढंग नीचे दर्शाया गया है। उस आकृति का चयन करें, जो कागज के खुले हुए रूप से सबसे अधिक मिलती-जुलती हो।



**Ans**

✘ 1.



✔ 2.



✘ 3.



✘ 4.



---

**Q.15** कौन-सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को पूर्ण करेगा?

SNR, QQN, OTJ, MWF, ?

**Ans**

✔ 1. KZB

✘ 2. KYB

✘ 3. KZC

✘ 4. JZC

---

**Q.16** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और वे शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए)

सीज्मोग्राफ (Seismograph) : भूकंप (Earthquake) : : एनीमोमीटर (Anemometer) : ?

**Ans**

✘ 1. धारा (Current)

✘ 2. प्रकाश (Light)

✔ 3. वायु (Wind)

✘ 4. आर्द्रता (Humidity)

---

**Q.17** निम्नलिखित विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करते हुए पैटर्न को पूरा कर सकती है।




**Ans**

1.


2.


3. ✓


4.


---

**Q.18** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ एक-दूसरे से उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चय की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर गणितीय संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - संख्या 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि को 13 से किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)

(20, 8, 4)

(12, 3, 6)

**Ans**

1. (8, 1, 6) ✓
2. (44, 2, 24)
3. (32, 4, 14)
4. (22, 3, 9)

**Q.19** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जो दी गई आकृति में उसके भाग के रूप में अंतःस्थापित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

---

**Q.20** विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें, जो प्रश्न चिह्न (?) का स्थान लेकर दिए गए पैटर्न को पूरा कर सकती है।




**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Q.21 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.22 आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में, प्रत्येक में चार व्यक्ति, इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति I में - E, F, G और H बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति II में - U, V, W और X बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
G, U के ठीक सामने बैठा है, जो अपनी पंक्ति के दाएं सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। F अपनी पंक्ति के दाएं सिरे पर और X के ठीक सामने बैठा है। E, F और G के बीच बैठा हुआ है और वह V के ठीक सामने है।
दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हुए व्यक्तियों वाली पंक्ति में बाएं सिरे पर कौन बैठा है?

Ans

1. F
2. H
3. G
4. E

Q.23 दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



Ans

1. 5
2. 7
3. 6
4. 8

Q.24 सात मित्रों, कीर्ति, सिया, अमिता, प्रीति, दीपिका, जीत और परी में से प्रत्येक ने एक परीक्षा में भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त किए हैं। परी ने कीर्ति से अधिक, किंतु सिया से कम अंक प्राप्त किए हैं। दीपिका ने प्रीति से कम, किंतु अमिता से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कीर्ति ने प्रीति से अधिक, किंतु परी से कम अंक प्राप्त किए हैं। सिया ने सवार्धिक अंक प्राप्त नहीं किए हैं।

किसने सवार्धिक अंक प्राप्त किए है?

Ans

1. अमिता
2. परी
3. जीत
4. प्रीति

Q.25 छह मित्र एक वृत्ताकार स्थिति में बैठे हुए हैं। वे सभी केंद्र की ओर अभिमुख हैं। समीर, किरण के ठीक बगल में बैठा है। गगन, प्राण और व्योम के ठीक बगल में बैठा है। सुमन, गगन के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। किरण, व्योम के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है।

व्योम के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है?

Ans
1. किरण
2. समीर
3. प्राण
4. सुमन

Q.26 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या / व्यंजन / स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नही होना चाहिए)

धातु (Metal) : अयस्क (Ore) :: आभूषण (Jewelry) : ?

Ans
1. हार (Necklace)
2. सोना (Gold)
3. सुनार (Gold smith)
4. महंगा (Expensive)

Q.27 यदि '+' का अर्थ '÷' है, '–' का अर्थ '+' है, '×' का अर्थ '–' है और '÷' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या होगा?
[{( 25 × 16 ) - ( 3 ÷ 2 )} + ( 3 - 2 )] ÷ 5

Ans
1. 18
2. 20
3. 15
4. 10

Q.28 उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है। (शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर शब्द एक-दूसरे से संबंधित नही होने चाहिए।)
भालू (Bear) : नर भालू (Boar)

Ans
1. बैल : गाय (Ox : Cow)
2. चिकन : मुर्गा (Chicken : Rooster)
3. हंस : हंसिनी (Goose : Geese)
4. भेड़ : मेमना (Sheep : lamb)

Q.29 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और वे शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नही होने चाहिए)

नर मधुमक्खी (Drone) : मधुमक्खी (Bee) : : बछेड़ा (Colt) : ?

Ans
1. बछेड़ी (Filly)
2. लोमड़ी (Vixen)
3. हिरणी (Doe)
4. गाय (Cow)

Q.30 यदि A का अर्थ '+' है, B का अर्थ '×' है, C का अर्थ '-' है, और D का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
81 D 9 B 3 C 27 = ?

Ans
1. 9
2. 216
3. 3
4. 0

Q.31 उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है और चौथी संख्या तीसरी संख्या से संबंधित है।
38 : 555 :: 25 : 360 :: 17 : ?

Ans
1. 225
2. 215
3. 240
4. 210

Q.32 उस विकल्प का चयन कीजिए जो चौथे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार पहला पद दूसरे पद से संबंधित है और पांचवां पद छठे पद से संबंधित है?

16 : 1 :: ? : 3 :: 54 : 2

Ans
1. 108
2. 128
3. 135
4. 142

Q.33 कागज के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम और मोड़े गए कागज को काटने का ढंग नीचे दर्शाया गया है। उस आकृति का चयन करें, जो कागज के खुले हुए रूप से सबसे अधिक मिलती-जुलती हो।



Ans
1.


2.


3.


4.


Q.34 उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है। (शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/ व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर इनका कोई परस्पर संबंध नहीं होना चाहिए।)
चूजा (Chicken) : मटककर चलना (Strut)

Ans
1. गौरैया : गोता लगाना (Sparrow : Dive)
2. चूहा : उछलकूद करना (Mouse : Leap)
3. हिरण : उड़ना (Deer : Glide)
4. सिंह : शिकार के लिए दबे पांव चलना (Lion : Prowl)

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) का स्थान लेगी?

47, 41, 53, ?, 59, 29

Ans
1. 55
2. 57
3. 35
4. 39

Q.36 उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस सही क्रम में व्यवस्थापन को दर्शाता है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं।
1. Informer
2. Infested
3. Inferior
4. Infinity
5. Infirmary
6. Inflated

Ans
1. 3, 2, 4, 5, 6, 1
2. 2, 3, 4, 5, 6, 1
3. 2, 3, 4, 5, 1, 6
4. 3, 2, 5, 4, 6, 1

Q.37 उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है और छठी संख्या पांचवीं संख्या से संबंधित है।
784 : 26 :: 961 : ? :: 529 : 21

Ans
1. 29
2. 33
3. 31
4. 27

Q.38 उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है और छठवां पद पांचवें पद से संबंधित है।
42 : 12 :: 77 : ? :: 91 : 19

Ans
1. 17
2. 14
3. 15
4. 19

Q.39 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिन्हें क्रमिक रूप से नीचे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में रखे जाने पर वे शृंखला को पूर्ण करेंगे।

S_T_XW_UT_X_S_TV_WS_ _VX_

Ans
1. UVSWWUXUTW
2. UVSVUWXUTW
3. VUSVUWXUTW
4. VUSWWUUXTW

Q.40 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस सही क्रम में व्यवस्थापन को दर्शाता है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं।
1. Magnification
2. Magnitude
3. Magnet
4. Maid
5. Magic

Ans
1. 5, 1, 3, 2, 4
2. 5, 3, 2, 1, 4
3. 5, 3, 1, 2, 4
4. 5, 3, 1, 4, 2

Q.41 कौन-सा अक्षर-समूह दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को पूर्ण करेगा?

NGC, PJH, RMM, TPR, ?

Ans
1. VTX
2. VSW
3. UTY
4. USW

Q.42 इस प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, यह निर्णय लीजिए कि कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:
कुछ पेन शार्पनर हैं।
कुछ शार्पनर पेंसिलें हैं।
सभी पेंसिलें रबड़ हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ रबड़ शार्पनर हैं।
II. कुछ पेन रबड़ हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
✘ 2. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।
✘ 3. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
✘ 4. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q.43 उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए शब्दों की तार्किक और सार्थक क्रम में सही व्यवस्था को इंगित करता है।
1. हिरण
2. हाथी
3. चूहा
4. सियार
5. बिल्ली

Ans
✘ 1. 4, 5, 1, 2, 3
✔ 2. 3, 5, 4, 1, 2
✘ 3. 2, 5, 1, 3, 4
✘ 4. 5, 1, 3, 4, 2

Q.44 यदि
"Z @ S" का अर्थ है "Z, S का पिता है",
"Z * S" का अर्थ है "Z, S का भाई है",
"Z × S" का अर्थ है "Z, S के पिता की बहन है",
"Z # S" का अर्थ है "Z, S की बहन है",
"Z $ S" का अर्थ है "Z, S की पुत्री है", और
"Z = S" का अर्थ है "Z, S की माता है",
तो निम्नलिखित व्यंजक में P का U से क्या संबंध है?
P × Q $ R @ S * T $ U

Ans
✘ 1. सहोदर
✔ 2. ननद
✘ 3. भतीजा
✘ 4. बहू

Q.45 निम्नलिखित कथनों में A, B, C, D और E क्रमशः +, –, x , ÷ और = को दर्शाते हैं, तो कौन-सा कथन सही है?

Ans
✔ 1. 4A3C5D3E15B6
✘ 2. 4A3C5D3E15B8
✘ 3. 4A3C6D3E15B6
✘ 4. 4A3B5D3E15C6

Q.46 सोनिया अपने घर से चलना प्रारंभ करती है, और 7 m पूर्व की ओर जाती है। वहां से वह दाएं मुड़ती है, और एक निश्चित दूरी P m तक चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, और 5 m चलती है, अब वह फिर से बाएं मुड़ती है, और 8 m चलती है। उसके बाद वह एक बार पुनः बाएं मुड़ती है, और 12 m चलती है। यदि सोनिया की वर्तमान स्थिति उसके घर से 22 m दक्षिण में है, तो P का मान कितना है?

Ans
✔ 1. 30
✘ 2. 22
✘ 3. 28
✘ 4. 34

Q.47 एक कूट भाषा में, "BROWN" को CTRUM के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और "ENTER" को FPWCQ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में "NOISE" को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✘ 1. OQLPD
✔ 2. OQLQD
✘ 3. OQMPD
✘ 4. OPKQD

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में, "CRAZE" को "87" लिखा जाता है, और "MAIZE" को "86" लिखा जाता है। उसी भाषा में "DEPART" को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ 1. 110
- ✓ 2. 104
- ✗ 3. 90
- ✗ 4. 95

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्याएँ दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) का स्थान लेंगी?
112, 113, 117, ?, 142, 167, ?, 252, 316

Ans
- ✗ 1. 133, 215
- ✓ 2. 126, 203
- ✗ 3. 132, 214
- ✗ 4. 122, 224

Q.50 एक निश्चित कूट भाषा में, "SHELF" को "110" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और "TABLE" को "120" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में "DESK" को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. 10
- ✗ 2. 73
- ✓ 3. 85
- ✗ 4. 69

## Section : General Awareness

Q.1 डोमिंगो पेस एक ___________ यात्री थे, जिन्होंने 16वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य का दौरा किया था।

Ans
- ✗ 1. इतालवी
- ✓ 2. पुर्तगाली
- ✗ 3. स्पैनिश
- ✗ 4. रूसी

Q.2 आय के संचयन का दावा करने के लिए, ट्रस्टों या धर्मार्थ संस्थानों को वित्त विधेयक 2023 के अनुसार आय की विवरणी दाखिल करने की समय-सीमा से कम से कम _______ पहले फॉर्म 9A और फॉर्म 10 दाखिल करना चाहिए।

Ans
- ✓ 1. 2 महीने
- ✗ 2. 3 महीने
- ✗ 3. 1 महीना
- ✗ 4. 6 महीने

Q.3 भड़ला सोलर पॉवर पार्क भारत के किस राज्य में स्थापित है?

Ans
- ✗ 1. गुजरात
- ✗ 2. ओडिशा
- ✗ 3. मध्य प्रदेश
- ✓ 4. राजस्थान

Q.4 कंपनी मामलों को नियंत्रित करने के लिए स्थापित नियंत्रण बोर्ड (Board of Control) में कितने सदस्य थे?

Ans
- ✗ 1. पाँच
- ✗ 2. चार
- ✗ 3. तीन
- ✓ 4. छह

Q.5 निम्नलिखित में से नदियों के किस समूह को प्रायद्वीपीय नदी के उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. गोदावरी-महानदी-कृष्णा-कावेरी
- ✓ 2. महानदी-गोदावरी-कृष्णा-कावेरी
- ✗ 3. गोदावरी-कृष्णा-महानदी-कावेरी
- ✗ 4. गोदावरी-कृष्णा-कावेरी-महानदी

Q.6 चट्टानों में पाए जाने वाले दो सर्वाधिक आम खनिज कौन-से हैं?

Ans
- ✓ 1. फेल्डस्पार और क्वार्ट्ज
- ✗ 2. बॉक्साइट और कैल्साइट
- ✗ 3. एम्फिबोल और ओलिविन
- ✗ 4. अभ्रक और केल्साइट

Q.7 पश्चिम बंगाल में स्थित बर्नपुर निम्नलिखित में से किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
1. वैमानिकी उद्योग
2. लोहा और इस्पात उद्योग
3. सॉफ्टवेयर उद्योग
4. जलयान निर्माण उद्योग

Q.8 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है?

Ans
1. नागालैंड
2. अरुणाचल प्रदेश
3. त्रिपुरा
4. सिक्किम

Q.9 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में विधानसभा चुनाव 2022 के अंत में हुए थे?

Ans
1. नागालैंड
2. हिमांचल प्रदेश
3. राजस्थान
4. कर्नाटक

Q.10 उत्तरी अमेरिका और यूरेशिया से घिरे 5.427 मिलियन वर्ग मील क्षेत्र को कवर करने वाली वृत्तीय द्रोणी (बेसिन) कौन सी है?

Ans
1. हिंद महासागर
2. प्रशांत महासागर
3. अटलांटिक महासागर
4. आर्कटिक महासागर

Q.11 मौर्य साम्राज्य में राजस्व संग्रह के कार्य का पर्यवेक्षण कौन करता था?

Ans
1. राजुक
2. समाहर्ता
3. प्रतिवेदक
4. सन्निधाता

Q.12 पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन बनाते समय टेम्प्लेट का उपयोग करने से उपयोगकर्ताओं को कैसे लाभ हो सकता है?

Ans
1. टेम्प्लेट उपयोगकर्ताओं को स्लाइड में ऑडियो और वीडियो क्लिप प्रविष्ट करने की सुविधा देते हैं।
2. टेम्प्लेट स्वचालित रूप से स्लाइड कंटेंट और एनिमेशन उत्पन्न करते हैं।
3. टेम्प्लेट एक सुसंगत डिज़ाइन प्रदान करते हैं और फ़ॉर्मेटिंग में समय बचाते हैं।
4. टेम्प्लेट एकाधिक उपयोगकर्ताओं के साथ वास्तविक-समय में सहयोग सक्षम करते हैं।

Q.13 अम्लीकृत $KMnO_4$ का उपयोग _____________ किया जा सकता है।

Ans
1. ग्लूकोज से ग्लिसरॉल प्राप्त करने के लिए
2. फॉर्मेल्डीहाइड से फॉर्मिक अम्ल प्राप्त करने के लिए
3. सीधे कार्बोक्सिलिक अम्ल से ऐल्कोहॉल प्राप्त करने के लिए
4. सीधे ऐल्कोहॉल से कार्बोक्सिलिक अम्ल प्राप्त करने के लिए

Q.14 कोई वित्तीय संस्थान, केवल तभी बैंकिंग संस्थान हो सकता है, जब वह ____________।

Ans
1. 'जमा स्वीकार करना' और 'अग्रिम ऋण देना', दोनों कार्य करता है
2. 'अग्रिम ऋण देने' का कार्य करता है, न कि 'जमा स्वीकार करने' का
3. 'जमा स्वीकार करने' का कार्य करता है, न कि 'अग्रिम ऋण देने' का
4. न तो 'जमा स्वीकार करने' का कार्य करता है, और न ही 'अग्रिम ऋण देने' का

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य योजक तेल और जल जैसे अमिश्रणीय खाद्य अवयवों वाले उत्पादों को एक दूसरे के साथ मिश्रित करने में सहायक है?

Ans
1. खाद्य परिरक्षक (Food preservatives)
2. खाद्य मिठासकारी (Food sweeteners)
3. खाद्य पायसकारी (Food emulsifiers)
4. खाद्य स्टेबलाइजर्स (Food stabilisers)

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा कॉलम-A का कॉलम-B के साथ सही मिलान है?

| कॉलम -A (झील) | कॉलम -B (महाद्वीप) |
|---|---|
| i. विक्टोरिया झील | a. उत्तरी अमेरिका |
| ii. सूपीरियर झील | b. ऑस्ट्रेलिया |
| iii. कैस्पियन सागर | c. अफ्रीका |
| iv. ईरी झील | d. एशिया |

Ans
1. i-c, ii-d, iii-b, iv-a
2. i-c, ii-a, iii-d, iv-b
3. i-c, ii-d, iii-a, iv-b
4. i-d, ii-c, iii-b, iv-a

Q.17 वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता की पूर्व संध्या (the eve of India's independence) पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा संगीत वाद्ययंत्र बजाया गया था?

Ans
1. बांसुरी
2. शहनाई
3. बिगुल
4. सारंगी

Q.18 भारत के संविधान के ________________ के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को किसी विशेष धर्म के प्रचार के लिए किसी भी कर का भुगतान करने के लिए बाध्य नही किया जाएगा।

Ans
1. अनुच्छेद 26
2. अनुच्छेद 28
3. अनुच्छेद 27
4. अनुच्छेद 25

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सी अवधि भारत में पहली हरित क्रांति की अवधि को सर्वोत्तम ढंग से परिभाषित करती है?

Ans
1. 1960 के दशक के मध्य से 1980 के दशक की शुरुआत तक
2. 1980 के दशक के मध्य से 1990 के दशक की शुरुआत तक
3. 1950 के दशक के मध्य से 1960 के दशक की शुरुआत तक
4. 1990 के दशक के मध्य से 2010 के दशक की शुरुआत तक

Q.20 आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) 2020-21 की रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर (प्रतिशत में) कितनी है?

Ans
1. 7.2
2. 4.0
3. 6.7
4. 10.8

Q.21 भारत सरकार की 'प्रसाद' योजना सरकार के किस मंत्रालय से संबद्ध है?

Ans
1. संस्कृति
2. शिक्षा
3. पर्यटन
4. जनजातीय मामले

Q.22 विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राज्य विधान परिषद के सभापति और उप सभापति के वेतन और भत्ते ________________ द्वारा तय किए जाते हैं।

Ans
1. राज्य विधान-मंडल
2. राज्य मंत्रिमंडल
3. राज्य के राज्यपाल
4. मुख्यमंत्री

Q.23 सितंबर 2022 में, निम्नलिखित में से किसे हॉकी इंडिया का अध्यक्ष चुना गया?

Ans
1. दिलीप तिर्की
2. धनराज पिल्ले
3. सुरेंद्र कुमार
4. हरमनप्रीत सिंह

Q.24 निम्नलिखित में से किसकी स्थापना 1864 में मद्रास में हुई थी?

Ans
1. वेद समाज ✔
2. सिंह सभा समाज ✘
3. ब्रह्म समाज ✘
4. आर्य महिला समाज ✘

Q.25 आवृतबीजियों (angiosperms) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

Ans
1. इन्हें पुष्पी पौधे भी कहा जाता हैं। ✘
2. द्वि-निषेचन आवृतबीजियों की एक विशेषता है। ✘
3. इन पौधों में ढके हुए बीज होते हैं। ✘
4. ये बीज रहित पौधे होते हैं। ✔

Q.26 भारत के अपवाह तंत्र को जल-संभर (वाटरशेड) के आकार के आधार पर विभाजित किया गया है। निम्नलिखित में से कौन सा भारत की अपवाह द्रोणी का हिस्सा नहीं है?

Ans
1. लघु नदी द्रोणी ✘
2. प्रमुख नदी द्रोणी ✘
3. औसत नदी द्रोणी ✔
4. मध्यम नदी द्रोणी ✘

Q.27 सिद्धेन्द्र योगी द्वारा यक्षगान की कुचीपुड़ी शैली की कल्पना किस शताब्दी में की गई थी?

Ans
1. 14वीं ✘
2. 17वीं ✔
3. 16वीं ✘
4. 15वीं ✘

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य समूह विटामिन B12 का प्रचुर स्रोत है?

Ans
1. दूध और माँस उत्पाद ✔
2. दालें और फलियाँ ✘
3. फल और सब्जियाँ ✘
4. धान्य और अनाज उत्पाद ✘

Q.29 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में उल्लेख किया गया है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है?

Ans
1. 75 ✔
2. 70 ✘
3. 71 ✘
4. 57 ✘

Q.30 सेवा क्षेत्र के लिए विशेष क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना (Special Capital Linked Subsidy Scheme) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
1. इसे गुवाहाटी से आरंभ किया गया है। ✘
2. इसे 2022 में आरंभ किया गया है। ✔
3. MSME मंत्रालय इस योजना के लिए कार्यान्वयन मंत्रालय है। ✘
4. SC-ST MSE को संस्थागत ऋण के माध्यम से संयंत्र एवं मशीनरी और सेवा उपकरणों की खरीद के लिए 25% की पूँजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। ✘

Q.31 निम्नलिखित में से किस बंगाल के नवाब ने अपनी राजधानी को मुर्शिदाबाद से मुंगेर स्थानांतरित किया था?

Ans
1. सिराजुद्दौला ✘
2. अलीवर्दी खान ✘
3. मीर जाफर ✘
4. मीर कासिम ✔

Q.32 निम्नलिखित में से कौन-सा देश एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 का मेजबान है?

Ans
1. जॉर्डन ✔
2. कज़ाकिस्तान ✘
3. रूस ✘
4. ईरान ✘

Q.33 विनेगर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
- ✗ 1. इसका उपयोग खाद्य परिरक्षक के रूप में किया जा सकता है।
- ✗ 2. विनेगर, एसिटिक अम्ल और जल का संयोजन है।
- ✗ 3. यह 2-चरणीय किण्वन द्वारा निर्मित होता है।
- ✓ 4. यह एसिटिक अम्ल और फॉर्मिक अम्ल का संयोजन है।

---

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा मोहर (Mohr) का वह लवण है, जिसका उपयोग विश्लेषणात्मक रसायनविज्ञान (analytical chemistry) में फेरस आयनों के अधिमान्य स्रोत के रूप में किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. $C_4H_2FeO_4.6H_2O$
- ✗ 2. $K_4[Fe(CN)_6].6H_2O$
- ✗ 3. $FeC_2O_4 \cdot 6H_2O$
- ✓ 4. $FeSO_4.(NH_4)_2SO_4.6H_2O$

---

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीपीय जलमग्न सीमा (continental shelf) और महासागर घाटियों (ocean basins) को आपस में जोड़ता है?

Ans
- ✗ 1. गहरे समुद्री मैदान
- ✗ 2. मध्य महासागरीय कटक (Mid oceanic ridges)
- ✗ 3. समुद्री पर्वत (Seamount )
- ✓ 4. महाद्वीपीय ढाल

---

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा एक हाइड्रॉक्सीबेंज़ल्डिहाइड है, जिसमें हर्ब 'मीडो स्वीट (meadow sweet)' से निकाले गए स्थान 2 पर जाने वाला हाइड्रॉक्सी प्रतिस्थापी होता है?

Ans
- ✓ 1. सैलिसिलेल्डिहाइड (Salicylaldehyde)
- ✗ 2. फार्मल्डिहाइड (Formaldehyde)
- ✗ 3. एसिटल्डिहाइड (Acetaldehyde)
- ✗ 4. सिनामल्डिहाइड (Cinnamaldehyde)

---

Q.37 1808 में जॉन डाल्टन द्वारा कौन-सा अध्ययन प्रकाशित किया गया था जिसमें एक भौतिक छवि प्रस्तुत की गई थी कि तत्व किस प्रकार यौगिक बनाने के लिए संयोग करते हैं तथा परमाणु के अस्तित्व को मानने का एक अभूतपूर्व कारण दिया गया था?

Ans
- ✗ 1. रासायनिक दर्शन के अध्ययन का परिचय
- ✗ 2. रासायनिक दर्शन में अध्याय
- ✗ 3. रासायनिक दर्शन से सैद्धांतिक रसायन विज्ञान तक
- ✓ 4. रासायनिक दर्शन की एक नई प्रणाली

---

Q.38 एमएस वर्ड (MS Word) में मेलिंग लेबल बनाते समय कौन-सा विकल्प आपको स्प्रेडशीट से प्राप्तकर्ता पते इम्पोर्ट करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✗ 1. मर्ज एंड प्रिंट (Merge and Print)
- ✓ 2. मेल मर्ज विज़ार्ड (Mail Merge Wizard)
- ✗ 3. इम्पोर्ट डेटा (Import Data)
- ✗ 4. क्रीएट लेबल्स (Create Labels)

---

Q.39 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, सबसे कम साक्षर राज्य की पहचान कीजिए।

Ans
- ✓ 1. बिहार
- ✗ 2. उत्तर प्रदेश
- ✗ 3. मध्य प्रदेश
- ✗ 4. राजस्थान

---

Q.40 छऊ एक मान्यता प्राप्त नृत्य रूप है, जिसके लिए शशिधर आचार्य को पद्मश्री मिला था। यह नृत्य रूप देश के किस भाग से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. पूर्वी
- ✗ 2. पश्चिमी
- ✗ 3. दक्षिणी
- ✗ 4. केंद्रीय

---

Q.41 2001 की तुलना में 2011 में कुल साक्षरता दर में प्रतिशत वृद्धि कितनी है?

Ans
- ✗ 1. 8.67%
- ✗ 2. 7.90%
- ✓ 3. 9.21%
- ✗ 4. 8.99%

Q.42 मौलिक कर्तव्यों का विचार किस संविधान से लिया गया है?

Ans
- ✔ 1. USSR
- ✘ 2. आयरलैंड
- ✘ 3. UK
- ✘ 4. US

Q.43 भारत के राष्ट्रीय खेल 2022 का आदर्श वाक्य (motto) क्या था?

Ans
- ✔ 1. खेलों के माध्यम से एकता का जश्न मनाना (Celebrating unity through sports)
- ✘ 2. खेलों के माध्यम से भाईचारे का जश्न मनाना (Celebrating brotherhood through sports)
- ✘ 3. एकता के माध्यम से खेलों का जश्न मनाना (Celebrating sports through unity)
- ✘ 4. खेलों के माध्यम से विविधता का जश्न मनाना (Celebrating diversity through sports)

Q.44 1890 के दशक में नॉर्थवेस्ट इंडियाना के इंडियाना ड्यून्स में पारिस्थितिक अनुक्रम (ecological succession) का अध्ययन किसने किया था?

Ans
- ✔ 1. हेनरी चांडलर काउल्स (Henry Chandler Cowles)
- ✘ 2. चार्ल्स एल्टन (Charles Elton)
- ✘ 3. फ्रेडरिक क्लेमेंट्स (Frederic Clements)
- ✘ 4. जी. एवलिन हचिंसन (G Evelyn Hutchinson)

Q.45 कोणार्क में स्थित प्रसिद्ध ब्लैक पैगोडा मंदिर किस वास्तुकला का है?

Ans
- ✔ 1. कलिंग वास्तुकला
- ✘ 2. द्रविड़ वास्तुकला
- ✘ 3. गडग वास्तुकला
- ✘ 4. चंपा वास्तुकला

Q.46 किण्वन (fermentation) के बारे में गलत कथन की पहचान कीजिए।

Ans
- ✔ 1. किण्वन केवल कवक कोशिकाओं में होता है।
- ✘ 2. यह शर्करा को एल्कोहल में विघटित करने की प्रक्रिया है।
- ✘ 3. एल्कोहल तैयार करने के लिए किण्वन तकनीक में खमीर का उपयोग किया जाता है।
- ✘ 4. किण्वन तकनीक का उपयोग ब्रेड बनाने के लिए किया जाता है।

Q.47 सुलोचना चव्हाण __________ लोक संगीत से संबंधित हैं।

Ans
- ✘ 1. बाउल
- ✘ 2. बिहू गीत
- ✘ 3. पंडवानी
- ✔ 4. लावणी गीत

Q.48 निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद यह गारंटी देता है कि अपराध किए जाने के बाद अधिनियमित कानूनों के आधार पर किसी भी व्यक्ति को दंडित नहीं किया जाएगा?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 19
- ✔ 2. अनुच्छेद 20
- ✘ 3. अनुच्छेद 21
- ✘ 4. अनुच्छेद 22

Q.49 प्रश्न में दो कथन हैं, जिनमें पहला अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है। सही विकल्प चुनने के लिए उनका उपयोग कीजिए।
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
अभिकथन (A) : ब्याज भुगतान पर किया जाने वाला व्यय पूँजीगत व्यय कहलाता है।
कारण (R): ब्याज भुगतान न तो किसी आस्ति का सृजन करता है, और न ही सरकार की देयताओं में कमी का कारण बनता है।

Ans
- ✘ 1. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- ✔ 2. A असत्य है, परंतु R सत्य है
- ✘ 3. A सत्य है और R असत्य है
- ✘ 4. A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है

Q.50 जून 2022 में, निम्नलिखित में से किसने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली?

Ans
- ✘ 1. न्यायमूर्ति संजय करोल
- ✘ 2. न्यायमूर्ति धीरूभाई नारणभाई पटेल
- ✘ 3. न्यायमूर्ति विपिन सांघी
- ✔ 4. न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा

Section : **General Engineering Electrical**

Q.1 नीचे दिखाए गए आरेख के लिए खुले टर्मिनल से देखे गए तुल्य प्रेरकत्व का मान ज्ञात करें।




Ans
- ✗ 1. 24H
- ✔ 2. 12H
- ✗ 3. 9H
- ✗ 4. 10H

---

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा मापन-उपकरण कम से कम ऊर्जा की खपत करता है?

Ans
- ✗ 1. प्रेरण प्रकार का
- ✗ 2. गतिमान लौह प्रकार का
- ✗ 3. डायनेमोमीटर प्रकार का
- ✔ 4. PMMC प्रकार का

---

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, एक सामान्य ब्रशलेस DC मोटर में मौजूद नहीं होता है?

Ans
- ✗ 1. स्थायी चुंबक (Permanent magnet)
- ✔ 2. दिक्परिवर्तक (Commutator)
- ✗ 3. स्थिर आर्मेचर (Fixed armature)
- ✗ 4. इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रक (Electronic controller)

---

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा बिंदु, पवन ऊर्जा संयंत्रों में उपयोग किए जाने वाले डबली फेड इंडक्शन जेनरेटर [DFIG] के रोटर से जुड़े बैक-टू-बैक कनवर्टर की आवश्यकता का स्पष्ट रूप से वर्णन करता है?
(i) यह रोटर को निश्चित आवृत्ति की धाराएं प्रदान करता है, और इस प्रकार, गति की एक निश्चित रेंज प्राप्त करने में मदद करता है।
(ii) यह रोटर को अलग-अलग आवृत्ति की धाराएं प्रदान करता है, और इस प्रकार, गति की विभिन्न रेंज प्राप्त करने में मदद करता है।
(iii) यह डीएफआईजी (DFIG) के सक्रिय शक्ति आउटपुट को समायोजित करके शक्ति गुणक सुधार में मदद करता है।
(iv) यह डीएफआईजी (DFIG) के प्रतिघाती शक्ति आउटपुट को समायोजित करके शक्ति गुणक सुधार में मदद करता है।

Ans
- ✗ 1. (i) और (iii)
- ✔ 2. (ii) और (iv)
- ✗ 3. (ii) और (iii)
- ✗ 4. (i) और (iv)

---

Q.5 __________, निविदा के अतिरिक्त लगाया गया (put down) धन है।

Ans
- ✗ 1. जमा धन (Deposit money)
- ✗ 2. असल धन (True money)
- ✗ 3. दोहन धन (Exploit money)
- ✔ 4. अग्रिम धन (Earnest money)

---

